प्रदेश को टेक्सटाइल्स हब बनाने की तैयारी

अमर उजाला ब्यूरो

एमएसएमई मंत्री बोले- गोरखपुर और वाराणसी में स्थापित होंगे पीएम मित्र पार्क

लखनऊ। एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कहा कि पीएम मित्र योजना के तहत हरदोई-उन्नाव के मध्य टेक्सटाइल्स पार्क की स्थापना से संबंधित सभी कार्य जल्द पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि भविष्य में गोरखपुर और वाराणसी में भी पीएम मित्र पार्क स्थापित किए जाएंगे। इससे प्रदेश में टेक्सटाइल्स उद्योग को बहुत अधिक बढ़ावा मिलेगा।

सचान ने यह निर्देश मंगलवार को खादी भवन सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभागीय समीक्षा के दौरान दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय प्रदर्शनियों का आयोजन शहर के प्रमुख स्थलों पर किया जाए। इसमें जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाए। प्रदर्शनी का व्यापक प्रचार-प्रसार भी कराया जाए, जिससे दूर-दराज से आए उद्यमियों के उत्पादों की अच्छी बिक्री हो सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बुनकर सौर ऊर्जा योजना के तहत लोगो को प्रोत्साहित करते हुए लाभान्वित करने पर जोर दिया।